दिनांक 23 मार्च 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

तंग गलियों में सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी, मॉर्निंग विजिट में 6 वार्डों का दौरा करते हुए स्लम बस्तियों में पहुंचे

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी आज मॉर्निंग विजिट में प्रातः 6:00 बजे वार्ड क्रमांक 21 बैकुंठ धाम पहुंचे! सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे आयुक्त ने कैंप की सघन बस्ती का निरीक्षण किया! कई जगह नालियों में कचरा , पन्नी, एवं मलबा दिखाई देने पर! इसकी सफाई करवाकर मलबा डालने वाले लोगों से जुर्माना वसूली करने के निर्देश दिए! उन्होंने जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21, 23, 24 एवं 25 के आशादीप कॉलोनी , मिलन चौक, शीतला कांप्लेक्स, कैनाल रोड, कुष्ठ बस्ती क्षेत्र में 5 किलोमीटर पैदल चलकर निरीक्षण किया! घनी बस्तियों में जाकर उन्होंने सफाई देखी! सड़के तो स्वच्छ थी परंतु कई जगह नाली संधारण एवं नाली सफाई की आवश्यकता थी! जिसके निराकरण के लिए निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए! कुष्ठ बस्ती में भैंस खटाल संचालक द्वारा नाली में गंदगी किए जाने पर संचालक से गंदगी साफ करवाने एवं जुर्माना वसूल करने के निर्देश जोन स्वास्थ्य अधिकारी आरपी तिवारी को दिए! वार्ड निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त प्रीति सिंह , अमिताभ शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , जोन स्वास्थ्य अधिकारी आरपी तिवारी एवं महेश पांडे मौके पर उपस्थित रहे!

नाली से हटाए मलबा , करे जुर्माना की कार्रवाई- आयुक्त निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जोन क्रमांक चार शिवाजी नगर क्षेत्र का भी दौरा किया है! शिवाजी नगर के वार्ड क्रमांक 33 पहुंचे! मांझी चौक, सड़क क्रमांक 14, सागर चौक एवं नाला होते हुए वकील आटा चक्की के पास पहुंचे! गली-गली में घूमकर उन्होंने रोड सफाई , नाला की सफाई देखी! कई स्थानों पर दो मकानों के बीच में से सकरी नाली की सफाई नहीं होने पर, सफाई कराने के निर्देश दिए! नालियों के किनारे जगह-जगह मलबा पड़ा हुआ था जिसे हटवाकर जुर्माना लेने के निर्देश जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पांडे को दिए! उन्होंने सभी जोन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कहीं भी नालियों में मलबा नहीं दिखना चाहिए! मलबा के कारण नाली के प्रवाह में रुकावट पैदा होती है! सड़क स्वच्छ दिखता है परंतु नालियों में मलबा की वजह से सुंदरता भी खराब होती है! स्वच्छ और सुंदर भिलाई के परिकल्पना को साकार करने के लिए ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाएं! घर के आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित करें!

व्यर्थ बह रहे पानी को देखकर नाराज हुए आयुक्त शिवाजी नगर जोन क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त सागर चौक पहुंचे! वहां उन्होंने सार्वजनिक नल में पानी सप्लाई देखी! पानी तो भरपूर मात्रा में आ रहा था परंतु सार्वजनिक नल के दोनों छोर से पानी व्यर्थ बह रहा था! निगमायुक्त इस पर नाराज हुए और तत्काल एक छोर को बंद करते हुए दूसरे छोर में टोटी लगवाने के निर्देश दिए!

उन्होंने यह भी कहा कि कहीं भी इस प्रकार का पानी व्यर्थ नहीं बहना चाहिए! इस प्रकार की पानी की बर्बादी को रोकने के लिए उचित कदम उठाएं! मॉर्निंग विजिट में ऐसी महत्वपूर्ण मूलभूत समस्याओं का तत्काल निराकरण कराएं! पानी आने को लेकर घर-घर में की पूछताछ वार्ड क्षेत्र के सघन निरीक्षण के दौरान निगम द्वारा अमृत मिशन के तहत प्रदान किए गए नल कनेक्शन से पानी आने को लेकर उन्होंने घरों में पूछताछ की! इस पर कई रहवासी लोगों ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है! कई स्थानों पर सर्वजनिक नल की भी व्यवस्था उपलब्ध है! निगमायुक्त ने कुछ घरों के नल खुलवाकर भी पानी आने का परीक्षण करवाया! उन्होंने निर्देश दिए कि हस्त पंप , पावर पंप एवं अन्य जल स्रोत का सैंपल कलेक्शन करके जल विभाग के लैब में भिजवाए! पीलिया की रोकथाम के लिए प्रतिदिन कम से कम 10 सैंपल प्रत्येक जोन से एकत्र करें! रिपोर्ट के आधार पर आवश्यकता पड़ने पर पानी का उपचार करके पुनः सैंपल कलेक्शन किया जाएगा!